चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 172 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 दिसंबर 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

28 अधिकतम

11 न्यूनतम



Page-2

## उपराष्ट्रपति ने किया एशिया के पहले जूलॉजिकल म्यूजियम का लोकार्पण



# धरती व मानव जीवन की हर जिज्ञासा का समाधान अब ग्वालियर में होगा

**ग्वालियर.दोपहर मेट्रो**

हर व्यक्ति के मन में आने वाली जिज्ञासा को अक्सर किताबें या म्यूजियम शांत करते हैं। खासतौर पर दुनिया की रचना और मानव जाति की उत्पत्ति आदि इससे जुड़ी कई बातें मन में उमड़ती हैं। ब देकर शांत किया जाता है। अब बच्चों से लेकर बड़ों तक की ऐसी जिज्ञासाओं का अंत ग्वालियर में संभव होगा। यहां एशिया का पहला जूलॉजिकल म्यूजियम खुलने जा रहा है। इसके लिये एक हेरिटेज बिल्डिंग में बनकर तैयार भी है, जिसका उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने आज किया। सीएम मोहन यादव एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश के इस पहले जियोलॉजिकल म्यूजियम में कई रहस्य से पर्दा उठेगा यह जिज्ञासु बच्चे बुजुर्ग सभी अपनी जिज्ञासाओं का अंत कर सकेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तो शिक्षा के क्षेत्र में इसका महत्व बहुत अधिक है। साथ ही आम जन के लिए भी यह संग्रहालय एक बड़ी बात है। इस संग्रहालय में लाइटिंग इफैक्ट्स और मशीनी तकनीक के जरिए दर्शाया गया है कि आखिर इस पृथ्वी की उत्पत्ति किस प्रकार हुई। पृथ्वी के भीतर यह सारे खनिज पदार्थ किस तरह निर्मित होते हैं। इतना ही नहीं कितने वर्ष पहले पृथ्वी का निर्माण शुरू हुआ था। आज जो पृथ्वी नजर आती है वह असल में कैसी है। इन सब की जानकारी मिलेगी। बताया जाता है कि म्यूजियम में प्रमुख रूप से दो गैलरिया बनाई गई है जिसमें एक गैलरी का नाम परिवर्तनशील पृथ्वी है। इसमें दर्शाया गया है कि किस तरह से पृथ्वी अपने स्वरूप में आई। किन-किन चीजों से मिलकर इसका निर्माण हुआ और किस तरह से इसके भीतर लावा तैयार होता है। किस तरह पर्वतों का निर्माण हुआ और किस तरह ज्वालामुखी फटते हैं।

### अनूठी जानकारियों का खजाना

म्यूजियम की दूसरी गैलरी में मानस सभ्यता के आवास को दर्शाया गया है। किस तरह मानव जाति का विकास हुआ। किस तरह से मानव सभ्यता की जीवन शैली बदली। डायनासोर को धरती पर किस तरह आया गया। किस तरह से मानव की आने से पहले यहां जीवन शैली हुआ करती थी। डायनासोर किस तरह विलुप्त हुए। इन सभी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए ही इस संग्रहालय का निर्माण किया गया है। लगभग 35 करोड़ रुपए की लागत से बने यह संग्रहालय अपने आप में एक अनूठा और जानकारी का भंडार है जिसमें देश और विश्व की ही नहीं बल्कि ब्रह्मांड से जुड़ी हुई अनूठी जानकारियां भी उपलब्ध होगी और सिर्फ देख ही नहीं सकेंगे बल्कि महसूस भी कर सकेंगे की किस तरह से भूकंप आता है किस तरह से जमीन में दरारें आई है और आखिर ज्वालामुखी किस तरह से बाहर आता है।

## मप्र विस का शीतकालीन सत्र कल से, कांग्रेस करेगी घेराव

# सरकार से सीधा मुकाबला करने मैदान व सदन में मोर्चाबंदी करेगी कांग्रेस

**भोपाल, एजेंसी**




मप्र में कडाके की सर्दी के बीच राजनीतिक गर्मी भी बढी हुई है। कल से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दल कांग्रेस ने सत्तारूढ भाजपा सरकार को घेरने के लिये अपनी ताकत बटोरना शुरू कर दी है। कांग्रेस सदन के भीतर और बाहर सरकार के घेराव की तैयारी में हैं। दरअसल हाल में विस उपचुनाव में विजयपुर में मिली जीत व भाजपा सरकार के मंत्री को हराने के बाद से कांग्रेस उत्साहित है और उसने विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया है। कल इस घेराव के जरिए पार्टी अपनी एकजुटता और ताकत का प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। यह घेराव राज्य में बढ़ती मादक पदार्थ की तस्करी, जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग पर बढ़ते अत्याचार के अलावा महिला सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाते हुए है। पार्टी के विधानसभा घेराव के ऐलान के बाद राज्य की सियासत में लंबे समय बाद कांग्रेस की ओर से संभवत यह पहला अवसर है जब तमाम बड़े नेता कई दिनों से इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने वाले बयान जारी करने के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो भी जारी कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह सहित अन्य नेता वीडियो जारी कर कार्यकर्ताओं से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि आष्टा में ईडी की कथित प्रताड़ना से परेशानी व्यापारी की आत्महत्या का मामला भी अ ब कांग्रेस का अस्त्र होगा। वहीं विधानसभा सत्र 16 दिसंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर तक चलेगा। इसमें कुल पांच बैठकें होंगी। प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा है कि विस सचिवालय को 2125 प्रश्नों की सूचना मिली है। जबकि 300 ध्यानाकर्षण,20 स्थगन प्रस्ताव, 22 अशासकीय संकल्प तथा 93 शून्यकाल की सूचना मिली है। पांच शासकीय विधेयकों की सूचना भी दी गई है।



# अतुल की पत्नी व सास अलग अलग शहरों से गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी**

देशभर में चर्चा व बहस का विषय बने अतुल सुभाष सुसाइड केस में उनसे अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा और भाई अनुराग को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। निकिता को गुरुग्राम से अरेस्ट किया गया, जबकि मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार किए गए। अतुल ने कुछ दिनों पहले ही निकिता और उनके परिवार पर उत्पीड़न और जबरन वसूली का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले शुक्रवार को बेंगलुरु पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर में स्थित मकान पर नोटिस लगाया था। पत्नी व ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने और न्याय व्यवस्था में खामी का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने डेढ़ घंटे के वीडियो के साथ 23 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा था और सुसाइड की ओर ढकेलने वाले हर प्वाइंट को विस्तार से समझाया था। अतुल पर पत्नी निकिता की ओर से जौनपुर की कोर्ट में पांच मुकदमे दायर किए गए थे। जिसमें सीजेएम कोर्ट में हत्या, मारपीट और अप्राकृतिक यौन संबंध के मुकदमे को बाद में वापस ले लिया था।



# आज फडणवीस कैबिनेट का विस्तार मगर शपथ नागपुर में !

## शिंदे को नहीं मिलेगा गृह

**नागपुर, एजेंसी**

महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार के पहले कैबिनेट का विस्तार का दिन आ गया है। मगर खास बात यह है कि आज शाम मुंबई की बजाय नागपुर स्थित राजभवन में शपथ समारोह होगा। नागपुर में मंत्रियों के शपथ समारोह की तैयारियां पूरी हैं। महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र भी 16 दिसंबर से नागपुर में शुरू हो रहा है। इस बीच खबर है कि भारतीय जनता पार्टी मंत्रिपरिषद विस्तार में शिवसेना को आवास मंत्रालय सौंप सकती है। गृह मंत्रालय भाजपा के पास ही रहेगा। जबकि एकनाथ शिंदे गृह मंत्रालय के लिये अडे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के दोनों सहयोगी दलों को वही विभाग मिल सकते हैं जो उनके पास पिछली महायुति सरकार में थे। हालांकि, शिवसेना को एक अतिरिक्त मंत्रालय दिया जा सकता है। महायुति गठबंधन में शामिल अन्य दल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा शिंदे को एक और महत्वपूर्ण मंत्रालय दे सकती है। पवार को एक बार वित्त मंत्रालय मिलने की संभावना है।

## बस्तर में शाह, 9 नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। इस बीच, सुकमा से खबर है कि शाह के बस्तर प्रवास से ठीक पहले 9 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। जानकारी के मुताबिक, जवान जब सर्चिंग पर निकले थे, तभी इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। इस बीच, अपने दौरे के पहले दिन रविवार को शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड मैदान में 'राष्ट्रपति का निशान (प्रेसिडेंट्स कलर्स)' प्रदान किया। सशस्त्र बलों और पुलिस संगठनों को उनकी विशिष्ट सेवाओं और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा के लिए मिलने वाला 'राष्ट्रपति का निशान (प्रेसिडेंट्स कलर्स)' देश का सर्वोच्च सम्मान है। हाल ही में छत्तीसगढ़ पुलिस को यह गौरव प्रदान किया गया है।

## वन नेशन वन इलेक्शन बिल टला

**नई दिल्ली।** देश में वन नेशन, वन इलेक्शन की बीते कुछ दिनों से खूब चर्चा है। इससे जुड़े दो विधेयक कल सोमवार को लोकसभा में भी पेश किये जाने की तैयारी थी लेकिन अब बताया जा रहा है कि दोनों विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे इन्हें संशोधित कार्यसूची से हटा दिया है। इससे पहले कहा गया था कि बिल को कल लोकसभा में रखा जाएगा। अभी कारण स्पष्ट नहीं कि सरकार ने सोमवार को बिल न लाने का फैसला क्यों किया और अब किस दिन लाया जाएगा। हालांकि, लोकसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

## 46 साल बाद मंदिर में हुई पूजा

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल पुराना बंद मंदिर मिला है इस मंदिर में आज सुबह पूजा-पाठ किया गया। हिंदू संगठन के लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। बताया जाता है कि इलाके में बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान मंदिर होने की जानकारी सामने आई थी। चेकिंग के दौरान पुलिस तब हैरान रह गई जब दीपा राय इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 का बताया जा रहा है। ये मंदिर सपा सांसद जियाउररहमान बर्क के घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला है। इसमें हनुमान प्रतिमा और शिवलिंग भी हैं।

# सड़क पार कर रही युवा बाघिन को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

- मां के साथ पार कर रही थी सड़क
- रातापानी टाइगर रिजर्व की हो सकती है बाघिन

**भोपाल, एजेंसी**

राजधानी के पास गौहरगंज इलाके में एक युवा बाघिन की मौत हो गई। वह सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी जान चली गई। घटना शुक्रवार-शनिवार रात की है, जो शनिवार को सामने आई। वन विभाग की टीम जांच में जुटी है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्राथमिक जांच में पता चला कि एक बाघिन अपने दो युवा बाघों के साथ गोहरगंज के पास से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-45 को पार कर रहे थे। मादा बाघिन और उसका एक युवा बाघ आगे निकल गए। एक युवा बाघिन पीछे रह गई थी, जो सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे वाहन की चपेट में आ गई। अधिकारियों का कहना है कि उक्त वाहन चालक की तलाश कर रहे हैं, क्योंकि सूची वन में शामिल वन्यप्राणियों की इस तरह सड़क हादसे में मौत आम नहीं है। ऐसे मामलों में वाहन चालकों को ध्यान देना चाहिए।

**नए रिजर्व की बाघिन:** अधिकारियों का कहना है जिस युवा बाघिन की मौत हुई है, वह नए टाइगर रिजर्व की हो सकती है। आसपास इतना बड़ा वन क्षेत्र नहीं होने के कारण यह संभावना जताई जा रही है। हालांकि घटनास्थल डॉ. विष्णु वाकणकर टाइगर रिजर्व से करीब 25 किलोमीटर दूर है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी मैदानी राज्यों में बढ़ गई ठंड, कई राज्य ठिठुरे



**भोपाल/नई दिल्ली, एजेंसी**



इस वक्त पहाड़ों से लेकर मैदानी दिल्ली और मप्र के सभी इलाकों में जबर्दस्त सर्दी के जनजीवन को अस्तव्यस्त कर रखा है। मप्र में यह बरसों बाद हुआ है कि नवंबर से ही लोगों को जबर्दस्त ठंड का सामना करना पड रहा है। अनुमान है कि आगामी दो दिन बाद ठंड से हल्की राहत मिलेगी। लेकिन इसके पहले आज और कल शीतलहर की स्थिति रहेगी। हालंकि धूप खिली होने से मप्र के अधिकांश इलाकों में दिन में लोग राहत ढूंढ़ ले रहे हैं। उधर दिल्ली में रात से कडाके की ठंड से दस्तक दी है। आसपास के इलाकों में शीतलहर असर है। मौसम विभाग की मानें तो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है और मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली के कुछ हिस्सों में कोहरे की एक पतली परत छाई रही और न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। आज सुबह ही सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 4.9 और पालम में न्यूनतम तापमान 6.2 दर्ज किया गया है। जबकि

### मेट्रो एंकर

## 2-3 दिन राहत के आसार नहीं, पड़ सकता है पाला

भोपाल में सुबह आठ बजे पारा 11 और 12 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान, तमिलनाडु, केरल और दक्षिण कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है।

**मप्र के 12 शहरों की हालत खराब:** मध्यप्रदेश में सर्दी के तेवर और तीखे हो रहे हैं। बीती रात 12 शहरों में शीतलहर और छह शहरों में तीव्र शीतलहर चली। सबसे कम दो डिग्री सेल्सियस तापमान हिल स्टेशन पचमढ़ी में दर्ज किया गया। पचमढ़ी सहित आठ शहरों में रात का पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सीधी में शीतल दिन रहा। राजधानी में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा। यह 10 वर्ष में दिसंबर का दूसरा बार सबसे कम तापमान है। इसके पहले वर्ष 2021 में भोपाल का न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था।



मुख्यमंत्री ने किया नौका-विहारः मुख्यमंत्री ने सरसी आईलैंड में वोट क्लब का निरीक्षण कर नौका-विहार भी किया। पर्यटन विकास निगम द्वारा आयोजित नौकायान प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।आईलैंड के उदघाटन के अवसर पर पर्यटन विकास निगम व्दारा आमंत्रित ग्राम बिरहुलिया के जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति के दौरान. यादव ने उपस्थित होकर उत्साहवर्धन किया और उनके साथ झांझ करतल भी बजाया।

# सरसी देखकर याद आया गोवा-अंडमान

**भोपाल. एजेंसी**

सीएम. मोहन यादव ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश पर्यटन विविधताओं से भरपूर है। रेवांचल में सरसी आईलैंड देखने पर गोवा और अंडमान निकोबार की अनुभूति हो रही है। यह बात उन्होंने बाणसागर डैम में स्थित सरसी आईलैंड के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन विकास के नये आयाम रचे जा रहे हैं। जनकल्याण पर्व में प्रतिदिन नई शुरूआत की जा रही है। पर्यटन विकास निगम व्दारा 29 करोड रूपये की लागत से बाण सागर के टापू में 5 हेक्टेयर में सरसी आईलैंड को खूबसूरती से विकसित किया गया है। इससे प्रदेश के पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। सरसी आईलैंड के पर्यटन को ब?ावा देने के लिये इसे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा संजय नेशनल पार्क से जो?ा जायेगा। बाणसागर डैम में जल पर्यटन को भी ब?ावा दिया जायेगा। यादव ने विंन्ध्य क्षेत्र की बाल कलाकार (गायिका) मान्या पांडे से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने मान्या को 51 हजार रूपये का पुरस्कार देने की घोषणा भी की। उन्होंने सरसी आईलैंड में आये जनजातीय लोक कलाकारों के साथ झांझ-करतल भी बजाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संगीत मंडलियों के प्रत्येक सदस्य को 5-5 हजार रूपये का पुरूस्कार देने की भी घोषणा की।

## सरसी आईलैंड को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और संजय नेशनल पार्क से जोड़ेंगे

पर्यटन सुविधाओं का अवलोकन : यादव ने सरसी आईलैंड में पर्यटकों के लिए की गई सुविधाओं का अवलोकन किया। आईलैंड में पर्यटक सुविधा केंद्र, 3 वोट क्लब, 10 आवासीय कक्ष, रेस्टोरेंट एवं बार, कॉन्फ्रेंस हाल, जिम, लाइब्रेरी, चिल्ड्रन प्ले एरिया तथा अन्य खेल सुविधाएं जैसे बेडमिंटन, टेबिल टेनिस, स्टार ग्रेबिंग, सैंड वॉलीवाल, साइकिलिंग आदि की सुविधाएं, लैड स्केपिंग एवं गार्डन का विकास, 40 किलो वाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित किया गया है। सरसी आईलैड को मार्कण्डेय घाट जिला मैहर एवं इटमा घाट जिला उमरिया से जोडा गया है। वोट क्लब एवं जेटटी 4 स्पीड वोट, एक जेट स्की, मिनी क्रुज, ड्रायवर डोरमेट्री, पॉर्किंग, कैफेटेरिया तथा जन सुविधाएं विकसित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने सरसी आईलैंड पर केन्द्रित लघु फिल्म का अवलोकन कर पर्यटन विकास निगम के प्रयासों की सराहना की। सरसी आईलैंड पर आधारित ब्रोशर का विमोचन भी किया।

### ऑटोमोबाइल वालों पर कसावट नहीं होने के कारण ऑयली पानी सीधे तालाबों में मिल रहा

# तालाबों को सीवेज से नहीं मिल रहा छुटकारा, ऑइली पानी भी सिरदर्द

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के तालाबों पर पूर्व की तुलना में सीवेज व आईली पानी का खतरा बढ़ता जा रहा है। सीवेज नेटवर्क पूरी तरह काम नहीं करने के कारण यह स्थिति है तो वहीं जगह–जगह ऑटो पार्ट्स की दुकानों से निकलने वाली गंदगी और आईली पानी को ट्रीट करने वाले प्लांटों का नहीं होना है। दोनों तरह की गंदगी बड़े तालाब, शाहपुरा तालाब समेत सभी छोटे–बड़े तालाबों में जाकर मिल रही है। इन तालाबों के पानी की जांच तो की जा रही है लेकिन वह महज खानापूर्ति है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे स्थानों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है जहां की स्थिति ठीक होती है, जबकि इन तालाबों में 75 फीसद क्षेत्रों से गंदगी मिल रही है, वहां के पानी की जांच और सैंपल की व्यवस्था ही नहीं है। यही स्थिति जारी रही तो आने वाले समय में तालाब तो मृतपाए हो ही जाएंगे, राजधानी वासियों में भी कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जो पानी पूरे क्षेत्र को दूषित करेगा, उससे इंसानी जीवन बच नहीं पाएगा। वह किसी न किसी रूप में स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालेगा और बड़ी मुश्किलें खड़ी हो सकती है।



### सीवेज नेटवर्क ध्वस्त, केवल मजबूती के दावे

शहर का विस्तार जिस हिसाब से हो रहा है उसके अनुरूप सीवेज नेटवर्क कुछ भी नहीं है। कुछ ही क्षेत्रों में यह काम कर रहा है, वह भी ठीक से नहीं है। सीधे सीवेज नदी–नालों में जा रहा है। पूर्व में सीवेज नेटवर्क के बेहतरी के लिए अमृत योजना के तहत जो काम हुए थे वह पूरे नहीं हुए। कुछ तो घोटालों की भेंट चढ़ गए। जगह–जगह से लाइनें लीकेज है। पूरा सीवेज एकत्रित ही नहीं हो रहा है, कुछ प्लांट काम नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति निगम व नगरीय प्रशासन के अधिकारियों को भी पता है।

### गली में ऑटो पार्ट्स की दुकानें, किसी के पास ट्रीटमेंट की व्यवस्था नहीं

राजधानी की हर एक गली में ऑटो पार्ट्स की दुकानें हैं तो वहीं इससे जुड़े कई बड़े संस्थान भी है। जिनमें रोजाना सैंकड़ों वाहनों की रिपेयरिंग की जा रही है, इनकी वाहनों की साफ–सफाई भी की जाती है और अंत में इन्हें धोया भी जाता है। इन कामों से जो पानी निकलता है, उसमें भू–जल को दूषित करने वाले खतरनाक कण होते हैं। यह पानी सीधे नदी–नालों में छोड़ा जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि निगम को इसके लिए कोई जांच कराने की जरुरत ही नहीं है, अधिकारी केवल निरीक्षण कर लें तो उसमें दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इनका कहना है कि अधिकारी इस तरह की अनदेखी करके राजधानीवासियों के साथ धोखा कर रहे हैं।

**एनजीटी भी दे चुका है दखल**– पूर्व में एनजीटी भी इस मामले में दखल दे चुका है। एक केस की सुनवाई में कहा गया था कि नदी, तालाबों में खतरनाक पानी छोड़ने वाले आटो पार्ट्स व इससे जुड़े संस्थानों का सर्वे कर उनमें व्यापक इंतजाम किए जाए। निगम ने सर्वे भी कराया था लेकिन बाद में उसका पालन ही नहीं किया गया।

## चर्च में मनाया महिला संडे







भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी के गोविंदपुर सेंट जॉन चर्च में क्रिसमस के उपलक्ष्य में महिला संडे मनाया गया।

### 20 हजार का नगद पुरस्कार, आईएएस संस्था ने आयोजित की थी प्रतियोगिता

# शिक्षा तिवारी को प्रतिस्पर्धा में पुरस्कार

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की शिक्षा तिवारी ने प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। दीक्षा ने 20,000 का नकद पुरस्कार भी जीता है। अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन विजन आईएएस द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता की शुरुआत महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा से हुई थी, जिसमें पांच छात्राओं का चयन किया गया, जिनमें से चेतन्या जरेलिया, प्रिया लालवानी, और शिक्षा तिवारी ने अंतरमहाविद्यालयीन स्तर पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. डालिमा पारवानी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा तिवारी ने न केवल हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।




## संतजी के निर्वाण दिवस पर तुलसी के पौधे बांटेंगे

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि समिति द्वारा संत हिरदारामजी के निर्वाण दिवस के अवसर पर दिनांक 16 से 19 दिसंबर तक निःशुल्क तुलसी माता का पौधा वितरण किया जाएगा। जिस को तुलसी माता का पौधा चाहिए वो हमारे समिति के कार्यकर्ताओं राज कुमार गर्ग 9893134754, कमलेश देवानी 7470822287 से सम्पर्क कर सकता है।

## 21 किमी का सफर तय किया गोविंद ने दो घंटे 11 मिनट में

**हिरदाराम नगर.** 10वें 'रन भोपाल रन' मैराथन रेस प्रतियोगिता में संतनगर के गोविंद लालवानी ने हिस्सा लिया। 21 किलोमीटर मैराथन रेस 2 घण्टे 11 मिनट 35 सेकण्ड में पूरी की। मुंबई में आयोजित टाटा मैराथन में भोपाल का नाम रौशन करने पर सिंधी मेला समिति ने गोविंद लालवानी का सम्मान किया। समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने लालवानी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति पदाधिकारी जीतेश दीनानी, भरत आसवानी एवं सिंधी, महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी समेत कई लोग उपस्थित थे। लालवानी लंबे समय से मैराथन में भाग ले रहे हैं। वे श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अब तक अपने नाम कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। बता दे बीते वर्ष 2023 में सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने उनको शाल पहनाकर सम्मानित किया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की पुणयतिथि मनाई


**भोपाल।** आज लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 74वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सरदार पटेल स्मारक भवन सहयाद्री परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और समाज को एक साथ जोड़ने का प्रयास करे ऐसा संकल्प लिया गया जिससे सरदार पटेल के अखण्ड भारत के सपने को पूरा कर सके। इस अवसर पर पाटीदार समाज के वरिष्ठ नागरिक रमेश पाटीदार, दुलीचंद पाटीदार, डॉ रमेश माधव, डॉ चंद्रशेखर इंदौरिया विष्णु प्रसाद पाटीदार, महेश माधव, आनंद कारोलिया, रोहित तेजराज, सचिन पाटीदार, संदीप पाटीदार, संदीप पाटीदार, विमलेश अरविंद दिनेश आदि नागरिक उपस्थित हुए।

### आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया छात्राओं ने

# नवनिध में विज्ञान प्रदर्शनी प्रोजेक्ट्स में विज्ञान की सोच

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नवनिध स्कूल में शनिवार को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने अपनी रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच को प्रस्तुत किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को अपनी नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रेरणादायक मंच प्रदान करना था। प्रदर्शनी में विभिन्न रोचक और ज्ञानवर्धक प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया। चंद्रयान मिशन की प्रतिकृति, स्मार्ट सिटी के मॉडल, स्वस्थ और अस्वस्थ हृदय की कार्यप्रणाली, और ब्रिज निर्माण में गणित के उपयोग जैसे प्रोजेक्ट्स ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स की अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा, इस प्रकार की प्रदर्शनी न केवल बच्चों की प्रतिभा और विज्ञान के प्रति उनकी समझ को उजागर करती है, बल्कि उनके अंदर भविष्य के वैज्ञानिक बनने का आत्मविश्वास और प्रेरणा भी भरती है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी के लिए नवाचार का मार्ग प्रशस्त करते हैं।




**मेट्रो एंकर**

### स्टेट बैंक कर्मियों की आंखों की जांच हुई सेवासदन में

# 108 लोगों की जांच, 7 को मोतियाबिंद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सेवारत और रिटायर्ड कर्मचारियों और उनके परिजनों हेतु निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद आपरेशन शिविर चिकित्सालय में ही लगाया गया। इसका आयोजन एस बी आई के रिटायर्ड कर्मचारी संघ एवं स्थानीय बैरागढ़, मेन मार्केट शाखा के सहयोग से किया गया। इस में कुल 108 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 75 पुरूष तथा 33 महिलाएं शामिल थीं। शिविर में सात रोगी मोतियाबिन्द से पीड़ित पाये गये, जिन्हें ऑपरेशन करवाने का परामर्श दिया गया। इनके अलावा दृष्टि दोष के रोगियों को चश्मा लगाने या चश्मा बदलने की सलाह दी गई। शिविर में सात पेंशनरों की फण्डस जांच भी की गई। वे यथा सुविधा अपनी आंखों के ऑपरेशन करवाएंगे। शिविर में दृष्टि दोष जांच के अलावा सभी के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी की गई। इस अवसर पर सेवा सदन के ट्रस्टीगण तुलसी आडवानी, राजकुमार मुलचन्दानी, के.एल. रामनानी और वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक द्वय श्री कुशल धर्मानी और भारती जनयानी भी उपस्थित थे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष ए.पी. खरे, सचिव ज्ञान सक्सेना, बैरागढ़ मेन मार्केट शाखा के मुख्य प्रबंधक अरुण किलेदार, सहायक प्रबंधक पूजा शामनानी भी विशेष रुप से उपस्थित थे।






तानसेन संगीत समारोह २०२४

शताब्दी वर्ष

## वृहद समवेत वाद्य यंत्र प्रस्तुति एवं शुभारंभ

सायं 6:00 बजे | तानसेन समाधि परिसर

## जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

पूर्वाह्न 11:00 बजे, महाराज बाड़ा

एवं

## महाराज श्रीमंत जीवाजी राव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण

उपराष्ट्रपति

**जगदीप धनखड़**

द्वारा

पूर्वाह्न 11:30 बजे

## वृहद युवा संवाद

तथा

## ₹1202 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 3:00 बजे | अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

द्वारा

**15 दिसम्बर, 2024 | ग्वालियर, मध्यप्रदेश**

D11122/24

तानसेन संगीत समारोह के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 8 शास्त्रीय वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति संयोजित की जा रही है, जिसमें 400 से अधिक वादक कलाकार सम्मिलित होंगे। इस प्रस्तुति को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का प्रयास है।

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024



# एक नाला बाजार सहित कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या करेगा दूर, अभी तक 300 मीटर नाला निर्माण हो चुका है पूरा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एक नाला बनाकर शहर के कई हिस्सों के जल भराव की समस्या का समाधान करने जा रहे हैं। नाला शिक्षक नगर कॉलोनी से चिकमगलूर चौराहा सूर्या होटल तक बन रहा है।

नाले की निर्माण लागत एक करोड़ 82 लाख रुपए है। आज नाला निर्माण का निरीक्षण करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे दोपहर में गर्ल्स कॉलेज के पास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ साइड इंजीनियर आदित्य पांडे भी मौजूद थे। नाला निर्माण की गुणवत्ता पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने संतोष जताया।

### इस नाले से कहां और किन्हे लाभ होगा

1. बाजार क्षेत्र की जल भराव समस्या का होगा समाधान। अभी बाजार क्षेत्र में जय स्तंभ चौक, सिंधी कपड़ा बाजार, राधा कृष्ण मार्केट, भारत टॉकीज रोड, पर जल भराव की स्थिति बरसात में बनती है इस नाले के बनने से ऐसा नहीं होगा
2. वार्ड क्रमांक 31 के तालाब क्षेत्र, भारत टॉकीज के आसपास वाला हिस्सा सब्जी मंडी के आसपास जो पानी की निकासी बरसात में नहीं होती उसकी निकासी इस नाले में होगी।
3. एच एल अग्रवाल स्कूल, गर्ल्स स्कूल व इसके आसपास के एरिया में जो जलभराव होता है उसका पानी भी इस नाले के जरिए बह जाएगा।
4. एमजीएम कॉलेज के आसपास जो जल भरा होता है वह भी नहीं होगा।
5. गर्ल्स कॉलेज के अलावा वार्ड 17 के पीछे वाले हिस्से में भी जल भराव होता था, वह जल भराव अब नहीं होगा। क्योंकि जो पानी जमा होता था वह इस नाले से आगे बह जाएगा।

**इनका कहना है**

"मुख्य बाजार के एक बड़े हिस्से में जो जल भराव होता था, वह शिक्षक नगर से सूर्या होटल तक बन रहे नाले के कारण अब नहीं होगा। इस नाले में हम यह पूरा पानी उतरेंगे। अभी 300 मीटर तक नाला बना है, हम बरसात के पहले पूरा नाला बनाकर कंप्लीट कर देंगे। हमें उम्मीद है कि अब जल भराव समस्या नहीं होगी। नाला निर्माण के लिए राशि विधायक द्वारा दिलाई गई है।"

–**पंकज चौरे**, अध्यक्ष नपा परिषद इटारसी

## आरोपी बुरहानपुर से इटारसी के बीच सोते यात्रियों का चुराता था सामान

# ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले को जीआरपी ने पकड़ा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

ट्रेन में यात्रियो की चोरी करने वालो के विरुद्ध जीआरपी इटारसी की ताबड़ तोड़ कार्यवाही जारी है. जी आर पी ने बुरहानपुर जिले के आरोपी से एक सोने की चैन एवं 05 मोबाइल कुल कीमती 02 लाख 60 हजार रुपये के जप्त किए. आरोपी का वारदात करने का अनोखा था वह अधिकांश रात में घटनाओं को अंजाम देता था. आरोपी सोते हुए यात्रियों सेसामान चुराता था. वह बुरहानपुर से इटारसी आते जाते समय घटना कोअंजाम देता था.

जी आरपी थाना क्षेत्रातर्गत होने वाली चोरी एवं लूट संबंधी घटनाओं की रोकथाम एवं पतारसी हेतु राहुल कुमार लोढा (भापुसे) पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के द्वारा दिए गये निर्देशों के पालन में जीआरपी पुलिस इटारसी द्वारा सतत चेकिंग गश्त डयूटी एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतर्कता पूर्वक निगरानी की जा रही थी, इसी तारतम्य में दिनांक 14.12.24 अपराध क्रमांक 462/24 धारा 379 आदवि में पूर्व से पाबंदशुदा विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त पर माल गोदाम रेल्वे स्टेशन इटारसी के पास मुखबिर के बताए



हुलिये का एक लड़का दिखा जो अपने पीठ में एक पिट्ठू बैग NIKE कंपनी का टांगा हुआ था, पूछताछ करने पर अपना नाम इरफान पिता हमीद खान उम 20 साल निवासी केरपानी थाना नेपानगर जिला बुरहानपुर म. प्र. का रहने वाला बताया। संदेही के चिट्ठू बैंग की तलाश लेने पर बैंग के अंदर से 05 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल प्राप्त हुए जिनके बारे में पूछताछ करने पर रेल्वे स्टेशन इटारसी आने के दौरान विभिन्न ट्रेनों एवं प्लेटफार्म से यात्रियों के चोरी करना बताया। आरोपी द्वारा उक्त चोरी किए गए मोबाइल धारा 35(1-5) बीएनएस के तहत जप्त कर प्रकरण 07/24 तैयार किया गया है। जो मोबाइल के मालिकों की तलाश कर पृथक से सुपुर्द किए जायेंगे।

बाद आरोपी को थाना लाकर बारीकी से पूछताछ करने पर पेंट की जेब से 01 सोने की चैन निकाल पेश किया एवं बताया कि आज से 05-06 माह पूर्व ट्रेल श्रीधान एक्स. के स्लीपर में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का लेडीज पर्स चोरी करना बताया एवं उससे मिली एक सोने की चैन अपने पास रखना तथा चोरी किया गया। एक रियलमी नाजों कंपनी का मोबाईल अपनी बहन के घर में कमलों बी नि पन्ना म. प्र. को बेचना बलाया। आरोपी द्वारा अपनी बहन के घर जिला पन्ना म. प्र. में बेचा गया मोबाइल पूर्व में ही जप्त कर मुख्य आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी। बाद आरोपी से उक्त सोने की चैन जप्त कर अपराध क्रमांक 462/24 धारा 379 आईपीसी में विधिवत जप्त की गयी है। आरोपी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय, इटारसी के समक्ष पेश किया गया है।

### यातायात पुलिस ने साइबर और नशे के संबंध में चलाया जागरूकता अभियान

पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यातायात, साइबर और नशे के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिस के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड पर चालकों को प्रशिक्षण दिया गया। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये लगभग 150 ट्रैक्टर ट्रालियों में आगे और पीछे रेडियम पट्टी लगाई गई।



आज यातायात पुलिस द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश पालन में बिना हेलमेट वाले और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात के उनि दिनेश मिश्रा द्वारा थाना देहात के पास और उनि उईके द्वारा अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के दौरान कुल 217 वाहनों में कमियां पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई और कुल 69100 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। उल्लेखनीय है कि हेलमेट जान बचाने के लिए है न कि चालान बचाने के लिए इस के बाद भी पुलिस द्वारा अनेकों जागरूकता अभियान चलाने और कई ड्राइव चला कर कार्यवाही के उपरांत भी हेलमेट के प्रति चालक जागरूक नहीं हुए हैं। यातायात पुलिस ने बताया कि जागरूकता अभियान में हम लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करेंगे साथ ही इंफोर्समेंट की कार्यवाही भी चलेगी। हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग से दुर्घटनाओं में मृत्यु संख्या को काफी कम किया जा सकता है।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया केवीएस का स्थापना दिवस



इटारसी। शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 सीपीई इटारसी में केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मेजर जनरल आर एस सलारिया सीपीई कमाडेंट व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, विशिष्ट अतिथि के रुप में श्रीमती शीतल सलारिया प्रथम महिला सीपीई इटारसी, कर्नल जे कृष्णैया कर्नल प्रशासनिक सीपीई इटारसी, श्रीमती कविता राय केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 सीपीई इटारसी, सूबेदार मेजर अभिनेश पी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य एवं विद्यालय के पूर्व छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई जो इस विशेष दिन की शुरुआत का प्रतीक था। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राओं द्वारा एनसीसी परेड का शानदार प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात पधारे हुए सभी अतिथियों का विद्यालय प्राचार्य अरविन्द कुमार राय द्वारा हरित स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों द्वारा अत्यधिक उत्साह के साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन गीत का गायन किया।

## जंगली सुअर ने महिला को घायल किया



**नर्मदापुरम।** शनिवार को ज़िले की सोहागपुर तहसील अन्तर्गत ग्राम खापा की आदिवासी महिला सरस्वती को दोपहर लगभग 2 बजे खेत में रखवाली करने के दौरान जंगली सुअर ने अपना शिकार बना लिया, जिससे महिला बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। मौजूद लोगों की सूझ-बूझ से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद लाया गया जहाँ पर उपचार के दौरान महिला को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफ़र किया गया है।

## डागर ने अध्यक्ष की कार्यवाही को बताया गलत



**इटारसी।** कुछ दिन पहले शहर में इटारसी डंपर मालिक एसोसिएशन के चुनाव हुए जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया, और फिर कुछ दिनों में ही कार्यकारिणी के सहसचिव अनमोल डागर को एसोसिएशन के अध्यक्ष ने पत्र जारी कर पद से हटाए जाने की सूचना जारी की, जिसके कारण शहर में ये चर्चा का विषय बना लेकिन अब अनमोल डागर जो की सहसचिव है एक पत्र जारी करके इस कार्यवाही को संघठन विरोधी बताया है। वहीं पद से मुक्त करने का पत्र जारी कर छवि खराब करने की साजिश बताई है। डागर ने पत्र में ये भी लिखा है कि मुझे व्यापारिक षड्यंत्र कर अपमानित किया गया जिससे मुझे मान हानि हुई है। नियम अनुसार ये सब गलत है, वही डगर का कहना है कि मुझे अब इस एसोसिएशन में नहीं रहना है, मुझे विधि विधान से जल्द पद मुक्त किया जाये, नहीं तो मैं मान हानि का केस दायर करने न्यायलय कि शरण लूंगा।

# पत्रकार को संजीदा और साहसी होना चाहिए : शर्मा

- प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकारिता समारोह का आयोजन
- नर्मदापुरम के पत्रकार धर्मेन्द्र दीवान को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



पत्रकारिता के पुरोधा पुरुष प्रेमशंकर दुबे स्मृति समारोह शनिवार को यहां उनके नाम पर स्थापित पत्रकार भवन में मनाया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि उन्होंने प्रेमशंकर दुबे की पत्रकारिता को बड़ी नजदीकि से देखा है। उनकी स्पष्टवादिता और दबंगता देखी। विधायक ने कहा कि पत्रकार को संजीदा और साहसी होना चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इसका दबाव न हो तो नौकरशाही तानाशाह हो जाए।

इस अवसर पर इंटरनेट मीडिया के पत्रकार धर्मेन्द्र दीवान को राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने श्री दीवान को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र दिया। दीवान ने सम्मान के लिए नर्मदापुरम पत्रकार संघ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। स्वागत भाषण नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने दिया। संचालन संयोजक भूपेन्द्र विश्वकर्मा ने और आभार प्रदर्शन राजेश दुबे ने किया। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने भी इस मौके पर संबोधित किया। संघ के सदस्य इंद्रपाल सिंह, कृष्णा राजपूत, सुश्री मंजू ठाकुर, मनीष सिंह ठाकुर, राहुल शरण, राजकुमार बावरिया, गिरीश पटेल, रामबाबू अहिरवार, देवेंद्र तिलोटिया, सुरेंद्र राजपूत, सहित अनेक पत्रकारों ने अतिथियों का सम्मान किया।

# 16 दिसंबर को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

- वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल ने बताया मोहन सरकार फ्लॉप साबिह हो रही

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**




मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 16 दिसंबर को प्रदेश व्यापी विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस पत्रकार वार्ता कर रही है। किसानों की स्थिति, महिलाओं के शोषण, महिला अपराध, बेरोजगारी, दलित आदिवासियों पर अत्याचार, महंगाई, सहित अनेक जनहित के मुद्दों पर होने वाले घेराव पर आज यहां मप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माणक अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा की। कुछ स्थानीय सवालों के जवाब जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, नीलम गांधी और नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल ने भी दिये।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, वरिष्ठ नेता ओम सेन, मधुसूदन यादव, अजय शुक्ला, नगर पालिका परिषद की नगर अध्यक्ष मयूर जैसवाल सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद थे।अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में इतनी मदमस्त हो गयी है कि प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। दलित, आदिवासी, महिला, किसान, युवा सब इस सरकार की नीतियों से परेशान है।जनता पर टैक्स लादकर आर्थिक बोझ लादा जा रहा है, महंगाई की मार से जनता परेशान है, बढ़ते अपराधों से अराजकता का माहौल है, लोग आतंक के साये में जी रहे हैं, महिलाओं की आबरू तार-तार हो रही है, सरकार नींद में सोयी है।

विगत बीस साल से भाजपा सत्ता में है, किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया जा रहा था लेकिन किसानों की आय न दोगुनी हुई और ना खेती लाभ का धंधा बनी। बल्कि किसान कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है। किसान खाद के लिए परेशान है, पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है और ना ही पानी मिल रहा है। विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह ने झूठे आश्वासन दिये, किसानों को भ्रमित करके धान का 31 सौ रुपए और गेहूं का 27 सौ रुपए समर्थन मूल्य का वादा करके सरकार बना ली और न गेहूं का 27 सौ रुपए समर्थन मूल्य दिया। किसान को हमेशा से ही ठगा गया है।

अग्रवाल ने तो यहां तक कहा कि सरकार में बैठे लोग अधिकारियों से पैसे लेते हैंप, कमीशनखोरी जोरों पर है। इस सरकार में अधिकारी भी परेशान हैं। उन्होंने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने को कहते हुए सीहोर के आष्टा में व्यापारी और उसकी पत्नी द्वारा आत्महत्या की घटना का उदाहरण दिया।

**मेट्रो एंकर** लोक अदालत में अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी हुए एक

# लोक अदालत से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है : न्यायाधीश तबस्सुम खान

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

पक्षकारो के मध्य लोक अदालत मे प्रकरणो मे होने वाले समझौतो से समाज मे सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है। लोगो का आपसी मनमुटाव समाप्त हो जाता है, उक्त बात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने वर्ष की अंतिम आयोजित लोक अदालत के आयोजन पर कही।

न्यायाधीश श्रीमती खान ने कहा कि लोक अदालत मे समझौता योग्य निराक्रत किये गये प्रकरणो की कही अपील नही होती है न्यायालय की भी मंशा रहती है कि समाज मे सामंजस्य स्थापित रहे।





सभी मिलजुलकर आपसी भाईचारा से रहे। सभी चाहते है कि किसी मे कोई विवाद नही रहे। वर्ष की तीसरी और आख़री यह लोक अदालत लगाई जा रही है। लोक अदालत का शुभारम्भ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री मती तबस्सुम खान, व्यवहार न्यायाधीश जूनियर डिवीजन सरोज डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने माँ सरस्वती और महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माला पहनाकर किया। कार्यक्रम मे सभी बेंको के अधिकारी, नगरपालिका के कर्मचारी, अधिवक्तागण, पक्षकार, न्यायालयीन् कर्मचारी उपस्थित रहे। वर्ष की अंतिम लोक अदालत मे न्यायालय मे 34 प्रकरणो का निराकरण पक्षकारो के मध्य आपसी राजिनामा के बाद निराकरण किया गया। जिसमे दांडीक के 3 प्रकरण, सिविल के 1 प्रकरण, मोटर दुर्घटना के 3 प्रकरणो मे 42 लाख 75 हजार रुपया बीमा कम्पनी से राजीनामा उपरांत पक्षकारों उद्धुत को हुये, चेक बाउंस के 16 प्रकरणो मे 80 लाख 18 हजार 9 सो 2 रुपये पक्षकारो को प्राप्त हुए। सभी बेंको और नगरपालिका मे कुल 110 प्रकरणो मे 8 लाख 31 हजार 177 रुपया प्रिलिटीगेशन के अंतर्गत प्राप्त हुआ। अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय मे 17 एवं तहसीलदार न्यायालय मे 43 प्रकरण राजीनामा निराक्रत किये गये। न्यायालय मे वैवाहिक एवं सिविल प्रकरणो मे राजिनामा उपरांत पक्षकारो को वृक्षारोपण के लिए पौधे प्रदान किये गये। वही वैवाहिक मामलो मे पति पत्नी को न्यायालय मे एक दूसरे को माला पहनाकर सुखी वैवाहिक जीवन की कामना कि गयी।

## नपा ने नेशनल लोक अदालत में 15 लाख से अधिक की वसूली

**नर्मदापुरम।** शनिवार को नगरपालिका परिसर में लगी नेशनल लोक अदालत में 15 लाख से अधिक राशि नागरिकों को द्वारा जमा की गई। टैक्स जमा करने आए नागरिकों के लिए नपा परिसर में समुचित व्यवस्था की गई थी। सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बताया कि नागरिकों ने नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार की रियायतों का लाभ लेते हुए 15 लाख से अधिक के कर जमा किए गए हैं। इस में जल कर, संपत्ति कर, दुकान किराया सहित अन्य कर शामिल हैं। सीएमओ ने कहा कि नगर के जो बड़े बकायादार हैं उनसे बार बार आग्रह करने पर भी कर जमा नहीं कर रहे हैं ऐसे बकायादारों के नामों की सूची चौक चौराहों पर प्रकाशित की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी स्वयं बकायादारों की होगी।



नेशनल लोक अदालत में कार्यालय अधीक्षक डॉ प्रशांत जैन, एआरआई अमन मिश्रा, राजकुमार नंदमेर, सुनील अवस्थी, राजेश दीवान, उपदेश गौर, अनिल दुबे, राजेश गौर, राजेंद्र पालीवाल, शैलेंद्र साहू, योगेश परसाई, दिलावर बेग, मुकेश कदम, मोहनलाल प्रजापति, दुर्गेश सोनिया, मनोहर केवट आदि उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष ने एसडीएम के साथ निर्माण-कार्यों लिया जायजा, लापरवाही मिलने पर जताई नाराजगी, इंजीनियर के पास निर्माण कार्य देखने का नहीं समय, ठेकेदार का घटिया निर्माण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शहर में हो रह है विकास की जमीन हकीकत देखने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईं नाथ को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी, सीएमओ राम प्रसाद साहू के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कमियां मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ राम प्रसाद साहू को दिए।

एसडीएम ने लटेरी रोड स्थित दीनदयाल जी पार्क में झूलों की हालत खस्ता मिलने पर उन्होंने तत्काल इनको बदलवाने के लिए निर्देशित किया और यहां पर जो भी कमियां हैं उनको जल्दी से जल्दी ठीक करके ऐसा कार्य करें कि यहां आने वाले लोग पार्क की तारीफ अभी ऐसा लग ही नहीं रहा है कि पार्क है। इसके बाद यहां अलीगंज की पहाड़ी पर स्वर्गीय पूर्व लक्ष्मीकांत शर्मा के नाम पर बना रहे पार्क के काम को देखने पहुंचे तो यहां पर और भी ज्यादा हालत खराब थे ठेकेदार की लापरवाही



मिली इंजीनियर काम देख नहीं पहुंच बस ठेकेदार अपने हिसाब से घटिया काम को अंजाम दे रहे हैं। इस पर एसडीएम ने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार हुए कहा कि विधायक के निर्देशों के हिसाब से यहां पर गुणवत्ता के साथ अच्छा कार्य नहीं किया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे गुणवत्ता के साथ काम तत्काल किया समय सीमा में काम हो इसके लिए जरूरी कदम उठाएं इसकी लापरवाही व्यवस्था करवाई करें ऐसे ठेकेदार पर भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी इसी तरह श्री राधा कुंड पर बना रही सीसी सड़क की तलाई तथा साइड में मिट्टी भरने का काम भी नहीं किया जा रहा है। तत्काल गुणवत्ता के साथ काम करने और तलाई करवाने के निर्देश दिए यहां पर ठेकेदार अपने हिसाब से खाना पूर्ति करने में लगा है क्योंकि देखने के लिए इंजीनियर ही नहीं पहुंच इनको तो केवल अपने काम से मतलब इस वजह से घटिया काम शहर में हो रहे हैं जो चंद दिनों के बाद गढ़ों में तब्दील हो जाते हैं। इसके अलावा इन्होंने बासौदा नाके का पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा ने निरीक्षण करने के बाद यहां सभी जरूरी कार्य करवाने के निर्देश दिए थे। जयाजा लेकर सबसे पहले एसडीएम ने यहां पर हो रहे हैं अतिक्रमण को हटाने के साथ-साफ स्वच्छ व्यवस्थित श्मशान घाट बनाने बनाने के लिए के सीएमओ को निर्देशित किया। सब्जी मंडी हो पूरे निर्माणकार्यों देखा और बीच में एक गेट लगवाने के लिए भी निर्देश दिए। अन्य कामों का भी निरीक्षण करके गुणवत्ता के साथ काम करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि समय सीमा में सभी काम हो लगातार इनका निरीक्षण हो इस पर भी ध्यान दे।

## लटेरी के जंगलों में अवैध कटाई जारी, शिकायतों के बाद भी अफसर मौन

# वन अमले की नाकामी से माफिया जंगलों को नष्ट करने पर उतारू

■ **आवश्यकता पड़ी तो जमीन पर बैठकर वन विभाग के खिलाफ संघर्ष करूंगा : विधायक उमाकांत शर्मा**









**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

लटेरी क्षेत्र के जंगलों में निरंतर अवैध कटाई जारी है, इसकी शिकायतें कई बार निम्न स्तर के अधिकारियों से लेकर उच्च स्तरीय अधिकारियों से की जा चुकी हैं। क्षेत्र में अवैध कटाई और जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक विधायक उमाकांत शर्मा कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भी लिख चुके हैं। लेकिन विदिशा वन विभाग के अधिकारी इतने मदमस्त हो चुके है कि इनके सामने विधायक का पत्र कोई मायने नहीं रखता है। वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण ओर अवैध कटाई को रोकने के लिए सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा फरियादी बनकर सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई है। अब देखने वाली बात है कि अब वन विभाग विधायक द्वारा की गई शिकायत को संतुष्टि पूर्वक कैसे बंद कराता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेशभर में बीस लाख पौधे लगाने की योजना की शुरुआत की है। इंदौर में सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 51 लाख पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री ने 5 जून को बुद्ध जयंती पर पार्क में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में हर देशवासी से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने की मार्मिक अपील करते है। लेकिन इस अपील को वन विभाग ने गलत तरीके से सुन लिया, और प्रति दिन हरे भरे पौधे कटवाने का संकल्प ले लिया। लगातार देशभर में एक पौधा मां के नाम से लगाया जा रहा है इधर विदिशा के लटेरी क्षेत्र में माफिया वन अमले से मिलकर बेशकीमती जंगलो को नष्ट कराने पर उतारू है जो देश और पर्यावरण के लिए किसी आतंकवाद से कम नही हो। वन विभाग को वन रक्षक के रूप में जाना जाता है लेकिन धरातल पर तो इसकी परिभाषा कुछ अलग ही दिखाई दे रही है। वन विभाग शायद भूल रहा है कि पेड़ जीवन के लिए कितने जरूरी है लेकिन वन विभाग के कर्मचारियो के लिए कुछ और ही जायदा जरूरी है।

**वो दिन दूर नही जब हम कहेंगे लटेरी में बेशकीमती सागवान होती थी**

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा की अगर इसी तरह जंगल कटाई चलती रही तो हमारी आने वाली पीढ़ी जंगल देखने को तरस जाएगी हम उनको कहानियों में सुनाएंगे कि लटेरी के आस पास भी सांगवान (सागौन) का हरा भरा जंगल हुआ करता था। क्योंकि इसका जीता जगता उदाहरण है, कंपाउंडमेंट 327, ग्राम रानीधार के ग्रामीणों ने बताया कि तीन चार साल पहले यहां पर घनघोर जंगल हुआ करता था, पहले ये कंपाउंडमेंट हजारों एकड़ में फैला हुआ था और अब अतिक्रमण कार्यों द्वारा इसे समेट कर सैकड़ों एकड़ में कर दिया है। वन विभाग की निष्क्रियता के कारण वन माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि पहले तो इन्होंने सागोन को काटकर बाहर की मंडियों में बेंच दिया अब उस भूमि पर मकान बनाकर कृषि कार्य करने लगे हैं।

### फॉरेस्ट के कंपाउंडमेंट न. 327 को 90 कर दिया खेती में तब्दील

लटेरी क्षेत्र के जंगल में पेड़ पौधों को काटना कोई नई बात नही है जितने पेड़ आप काट सको काट सकते हो। क्योंकि आपको जंगल में रोकने बाला कोई नही है वन विभाग का स्टाफ सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए ही जंगल जाता है स्टाफ द्वारा जंगल जाने की सूचना बकायदा लक्कड़ चोरों को दे दी जाती है। जिस जगह से स्टाफ निकलने बाला है इससे लक्कड़ चोर सावधान हो जाते हैं। राज एक्सप्रेस की टीम द्वारा फॉरेस्ट के कंपाउंडमेंट 327 का भ्रमण किया गया इस दौरान रानीधार में वन माफियाओं द्वारा लगातार सागोन के पेड़ों की कटाई की जा रही है। इनके द्वारा हजारों हरे पेड़ों को काटा जा रहा है। सागोन के पेड़ों को काटकर जंगल को कृषि भूमि में तब्दील कर दिया है, बन माफिया वन भूमि में मकान बनाकर रहने लगे हैं,बन माफिया द्वारा वन भूमि में कुआं लाइट की डी पी ओर पक्के मकानों का निर्माण तक कर लिया है। लेकिन वन अमले को सूचनाएं मिलने पर पर भी कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही हैं।

**इनका कहना है**

"वन कर्मियों की मिलीभगत से जंगलों मे लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। लटेरी क्षेत्र के जंगलों को नष्ट करने में वन विभाग की अहम भूमिका है। मेने अवैध कटाई और अतिक्रमण की रोकने के लिए फरियादी बनकर सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत भी की है।"

-उमाकांत शर्मा, विधायक सिरोंज

# खाद्य पदार्थ व विक्रय संस्थानों का निरीक्षण



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में कहीं भी दूषित खाघ प्रदार्थ का विक्रय ना हो पाए इसके लिए सतत निरीक्षण करने के निर्देश खाघ सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को दिए हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलीन ई पन्ना ने बताया के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में विभागीय अमले द्वारा सघन जांच पड़ताल की जा रही है। पिछले तीन दिनों से औचक निरीक्षण की जानकारी देते हुए श्रीमती एडलीन ई पन्ना ने बताया कि बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा शहर की दुकानें क्रमशः बाल विहार में अग्रवाल कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित इश्कृपा एजेन्सी से देशी घी, नमकीन, इडली मिक्स, खमंड मिक्स, गुलाब जामुन मिक्स आदि के सैंपल तथा गुरुवार को श्री राम नगर स्थित धाकड़ ट्रेडिंग कंपनी (मसाला उद्योग) से लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर के सैंपल तथा आज शनिवार को रायपुर स्कूल के सामने स्थित अनमोल इंटरप्राइजेस से टारगेट ब्रांड गांठिया, टारगेट ब्रांड खट्टा मीठा, चना दाल नमकीन के सैंपल एकत्रित किए गए हैं।

सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार ना करें। बिना खाद्य पंजीयन, लाइसेंस के खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## अग्रवाल ट्रस्ट मंडल की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिरोंज।** सर्व सहमति से अग्रवाल ट्रस्ट मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राकेश बाबू गोयल, उपाध्यक्ष हरि ओम बिंदल, सचिव राहुल मंगल, कोषाध्यक्ष बृज नारायण सिंहल, सह सचिव अशोक बंसल, धर्मशाला प्रभारी हिमांशु गर्ग, सदस्य राम प्रकाश गर्ग, सदस्य रितेश सिंहल, सदस्य मुरारी बंसल बनाए गए हैं सभी पदाधिकारी का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।

## बीच सड़क पर फंसे ट्रक ने लगाया जाम, वाहन चालक हुए परेशान



**सिरोंज।** इमलानी जाने वाले मार्ग का कार्य सीमांकन के बाद रोड की जगह अतिक्रमण आने से रुक जाने से वाहन चालक नहर वाले रास्ता का उपयोग कर रहे थे । शनिवार इसी रास्ते पर से बड़े ट्रक के गुजरने से फंसा इस वजह से 2 घंटे तक यातायात पूरी तरह से प्रभावित हां बड़ी मुश्किल से इसको निकलवाया। मोड का रस्ता खो दिया गया है इस वजह से यहां से तो रास्ता बंद था इसलिए सभी वहां नहर के रास्ते से जा रहे थे। ट्रक निकलने से यही बंद हो गया। साथ ही बड़ी दुर्घटना घटना होने से भी चल गई क्योंकि नहर वाला रास्ता सकरा है।

## लक्ष्मण रघुवंशी बने भाजपा पथरिया मंडल अध्यक्ष



**सिरोंज।** कई दिनों से चल रही कश्मकश के बीच शनिवार को भाजपा ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी। जिसमें कुरवाई विधानसभा के अंतर्गत पथरिया मंडल में इस बार लक्ष्मण रघुवंशी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है, तो वही इस बार नया मंडल बना दीपनाखेड़ा में शैलेंद्र पालीवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मंडल अध्यक्ष बनने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं जश्न मनाते हुए हार पुष्प माला एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर मोहित रघुवंशी, शिवराज रघुवंशी, राजेश बघेल लेखराजपाल, सुरजन यादव, देवीसिंह रघुवंशी, दीपक लोधी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधी मैदान पर टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

# महावीर, केकेपीएस, बिरसा मुंडा, विल्स एवं किंग्स इलेवन ने जीते रोमांचक मैच

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

गांधी मैदान पर शनिवार से आचार्य चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। सर्वधर्म सद्भावना के उद्देश्य से आयोजित टूर्नामेंट का पहला मैच लोधा और वैश्य समाज का होना था, जो निरस्त होने से लोधा समाज की टीम को वाक ओवर मिल गया। दूसरा मैच महावीर क्लब जैन समाज एवं मीनेश क्लब मीना समाज के बीच हुआ।

महावीर टीम ने टास जीतकर बल्लेबाजी का आफर मीनेश क्लब को दिया, मीनेश क्लब 8 ओवर में 3 विकेट पर 70 रन बना सका, जवाबी बल्लेबाजी में महावीर के खिलाड़ी 6.5 ओवर में 2 विकेट पर 71 रन बनाकर मैच जीत गए। मैन



आफ द मैच पार्थ जैन रहे। तीसरा मैच संत शिरोमणी नामदेव लब एवं केकेपीएस गुजराती समाज के बीच मैच हुआ। गुजराती क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 8 ओवर में 87 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामदेव क्लब महज 72 रनों पर ढेर हो गया। मैन आफ द मैच नरेश पटेल रहे। चौथा मैच बिरसा मुंडा इलेवन एवं एनजीएल क्लब के बीच हुआ।

एनजीएल ने टास जीतकर बिरसा मुंडा को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। यह टीम 6 विकेट पर 83 रन बना सकी, जवाबी पारी में एनजीएल क्लब 71 रन ही बना सका, इस तरह 12 रनों से बिरसा टीम विजेता रही। पांचवा मैच विल्स क्लब एवं इंडियन हैदरी क्लब के बीच हुआ।

टास जीतकर हैदरी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 रनों का लक्ष्य रखा, लक्ष्य का पीछा करते हुए विल्स क्लब ने 4 ओवर में 47 रन बनाकर 7 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। छटवां मैच किंग्स 11 एवं बी बायज टीम के बीच हुआ, बी बायज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला कर 9 विकेट पर 63 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स इलेवन की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 5.3 ओवर में जीत हासिल कर ली।मैन आफ द मैच गोलू भाटिया रहे।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए निराकरण पर दिया विशेष जोर

# प्रदेश में विदिशा 5वें स्थान पर, नवंबर की 9887 शिकायतों का समाधान करने का

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज जिले में लंबित सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों की विभाग वार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि दर्ज आवेदनों के निराकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए समय-सीमा में हल कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के तहत नवंबर माह के साथ-साथ पिछले 100 दिनो के आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से हल कराएं। उन्होंने आवेदकों से जिला अधिकारी अनिवार्य रूप से चर्चा जरूर करें, ताकि समस्या के समाधान में मदद मिल सके। सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरणों के आधार पर शनिवार 14 दिसम्बर को जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला पांचवें स्थान पर है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिन विभागों में सर्वाधिक आवेदन लंबित हैं साथ ही प्रदेश स्तरीय



रैंकिंग में पीछे हैं उन विभागों की आज विशेष तौर पर समीक्षा की गई है। जिसमें मुख्य रूप से महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय विकास, जिला शहरी विकास अभिकरण एवं सीएमओ विदिशा तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन, पिछड़ा वर्ग एवं सहकारिता, वन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और श्रम विभाग शामिल हैं।

गौरतलब हो कि विदिशा जिले में नवम्बर माह की कुल 9887 शिकायतें लंबित हैं जिसमें पचास दिवस से अधिक की 7317 तथा नवम्बर माह की 2570 शिकायतें शामिल हैं। विभाग वार सर्वाधिक शिकायतें महिला एवं बाल विकास विभाग की 4905, राजस्व की 1080, स्वास्थ्य की 992, पंचायत विभाग की 535,खाघ की 342, निकाय की 303, गृह की 411, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की 234, स्कूल शिक्षा की 339, उर्जा विभाग की 101, जल संसाधन विभाग की 97, सहकारिता की 59, ओबीसी की 100, पीएचई की 32, कृषि 35, वन 49, श्रम की 36, उच्च शिक्षा की 33 तथा सामान्य प्रशासन विभाग की 30 शिकायतें शामिल हैं। इसके अलावा शेष शिकायतें इकाई अंको की एकल-एकल विभागों की है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री पंकज जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# बस स्टाप पर खड़ी युवती से दो युवकों ने की छेड़छाड़

**भोपाल।** बिलखिरिया इलाके में बस स्टाप पर खड़ी एक युवती के साथ बाइक सवार दो युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली बीस वर्षीय युवती कालेज छात्रा है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वह कोचिंग जा रही थी। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस स्टाप पर खड़े होकर बस का इंतजार करने लगी, तभी बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और अश्लील हरकत करने लगे। युवती ने शोर मचाया तो दोनों लड़के वहां से भाग निकले। शाम को पीड़िता ने थाने जाकर अज्ञात युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज करवा दिया।



# ट्रेन के गेट पर खड़े युवक का मोबाइल छीना लिया

**भोपाल।** अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस के जनरल कोच के गेट पर खड़े एक युवक का बदमाश मोबाइल छीनकर भाग निकला। इसी प्रकार सफर के दौरान अन्य यात्रियों के मोबाइल चोरी हो गए। जानकारी के अनुसार सीहोर निवासी राजीव ठाकुर अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस में रानी कमलापति से छतरपुर की यात्रा कर रहे थे। वह जनरल कोच के गेट पर खड़े हुए थे। ट्रेन चलने के कुछ ही मिनट बाद अज्ञात बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और भाग निकला। ट्रेन चल रही थी, इसलिए वह उतर नहीं सके। बाद में जाकर शिकायत दर्ज कराई। इसी प्रकार होशंगाबाद निवासी राजा प्रजापति अमरकंटक एक्सप्रेस में भोपाल से इटारसी की यात्रा कर रहे थे। औबेदुल्लागंज स्टेशन के पास देखा तो उनकी जेब में रखा 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो चुका था। इधर भोपाल निवासी शफवन केरला एक्सप्रेस में दिल्ली से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। रात करीब 1 बजे स्टेशन आने पर नींद खुली तो पता चला कि सीट पर रखा 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल नहीं है। इसी प्रकार सोनू नागर दिल्ली से सोलापुर की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल जेब में रखा था। भोपाल स्टेशन पर नींद खुली तो 38 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो चुका था। जीआरपी ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# ट्रक के टायर चोरी कर ले गए बदमाश ऐसे कई मामले मगर आरोपी बेसुराग



**भोपाल।** राजधानी में पिछले कुछ दिनों से ऐसा गिरोह सक्रिय है जो वाहनों को टायरों को अपना निशाना बना रहा है। गौतम नगर इलाके में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के दो टायर चोरी चले गए। इसके पहले हबीबगंज समेत अन्य स्थानों पर घर के सामने खड़ी कारों के टायर चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज किए हैं, लेकिन एक भी टायर चोर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार अब्दुल राशिद खान (44) जेलभाग रोड जहांगीराबाद में रहते हैं। वह पुराने ट्रक खरीदकर उनकी मरम्मत कराने के बाद बेचने का काम करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने टाटा कंपनी का अपना एक 12 चक्के वाला ट्रक मैकेनिक मार्केट शमशाद घाट, मरघट छोला रोड पर बेचने के लिए सड़क किनारे दीवार के पास खड़ा किया था। तीन दिन पहले वह ट्रक के पास पहुंचे तो क्लीनर साईड के दोनों टायर गायब थे और ट्रक की नीचे जैक लगा हुआ था। आसपास तलाश करने के बाद भी जब टायरों का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने गौतम नगर थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर गोविंदपुरा थानांतर्गत कैरियर कालेज के सामने से अरविंद छापानी और भोजपाल मेले की पार्किंग में खड़ी सुमित साहू की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### अस्पताल संचालक का आरोप, 20 दिन पहले अस्पताल में दादा की मौत से नाराज होकर की वारदात

# डीजी होमगार्ड के बंगले के सामने डॉक्टर को कुचलने का किया प्रयास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

23वीं बटालियन के पास डीजी होमगार्ड के बंगले के सामने निजी अस्पताल के डॉक्टर को स्कार्पियो वाहन से कुचलने के प्रयास का मामला सामने आया है। स्कॉर्पियो वाहन के चालक से कुछ देर पहले ही उनका पिकनिक रेस्टोरेंट के पास विवाद हुआ था। डॉक्टर का आरोप है कि विवाद के बाद डीजी के बंगले की तरफ निकल गए थे। उनका पीछा करते हुए स्कॉर्पियो के चालक ने बंगले के सामने उन्हें कुचलने का प्रयास किया है। पूरे विवाद की वजह आरोपी के दादा की बीस दिन पूर्व डॉक्टर के अस्पताल में मृत्यु की बात सामने आई है। डॉक्टर का कहना है कि दादा की मृत्यु का बदला लेने उसने उन्हें कुचलने का प्रयास किया है। टीटी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सांई हिल्स कोलार रोड निवासी डॉ. विजय सक्सेना श्यामला हिल्स में स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक हैं। गत 10 दिसंबर की रात करीब 8 बजे वह अपने अस्पताल से निकलकर डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार से मिलने उनके निवास 23वीं बटालियन के पास जा रहे थे। इस दौरान पिकनिक रेस्टोरेंट के पास चौराहा पर एक स्कॉर्पियो सवार ने उन्हें ओवरटेक करते हुए रोक लिया। उक्त स्कॉर्पियो से निखिल धीर नामक उतरा और उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। वह कहने लगा कि तेरी सारी डॉक्टरी निकाल दूंगा। अचानक हुए घटनाक्रम से डॉ. विजय घबरा गए और अपनी गाड़ी लेकर 23वीं बटालियन की ओर बढ़ने लगे। निखिल धीर ने भी अपनी स्कॉर्पियो से उनका पीछा किया।




## वाहन से उतरते ही कुचलने का प्रयास

डॉक्टर सक्सेना 23वीं बटालियन पर पुलिस महानिदेशक अरविंद कुमार के बंगले के सामने पहुंचे। गाड़ी खड़ी करते समय निखिल धीर ने उन्हें कुचलने की नियत से गाड़ी उनकी तरफ बढ़ाई। डॉक्टर सक्सेना ने किसी तरह बंगले की तरफ दौड़कर अपनी जान बचाई। इस पूरे घटनाक्रम को बंगले के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों ने देखा। बंगले के आगे कुछ दूरी पर रोड बंद है। निखिल धीर वहां से स्कॉर्पियों लेकर लौटा तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी का नंबर नोट करने के बाद उसे जाने दिया। सक्सेना ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर 2024 को निखिल धीर के दादा जीआर धीर (96) की उनके अस्पताल में मौत हो गई थी। उम्रदराज निखिल धीर को बीमारियां थी। उस दिन भी निखिल ने परिवार और साथियों के साथ जमकर हंगामा किया था। निखिल और उसके परिजन ने क्लिनिकल स्टॉफ प्रितेश जायसवाल को भी वाहन से टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इसकी शिकायत श्यामला हिल्स थाने में दर्ज कराई गई थी।

### जान को खतरा हो सकता था

घटना की शिकायत डॉक्टर विजय सक्सेना ने की है। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन वहां से निकलता हुआ नजर आया है। इससे डॉक्टर सक्सेना की जान को खतरा हो सकता था। पुलिस ने फुटेज और बयान के आधार पर एफआईआर की है। निखिल धीर को बयान के लिए थाने बुलाया गया है। वह बाहर है उसने मंगलवार तक थाने पहुंचने का कहा है।



-सुधीर कुमार अरजरिया, थाना प्रभारी टीटी नगर

# हर मंगलवार को पुराने पुलिस मुख्यालय में होगी जनसुनवाई

**जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन का एकीकरण**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित व पारदर्शी समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के तारतम्य में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा 17 दिसंबर से प्रत्येक मंगलवार को पुराने पुलिस मुख्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का शुभारंभ करेंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शिकायत डीसी सागर को नोडल अधिकारी नियुक्त कर जनसुनवाई की जिम्मेदारी दी गई है, कि वह शिकायतों का उचित समाधान सुनिश्चित करें। राज्य सरकार शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना चाहती है। इसलिए जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी दर्ज किया जाएगा, ताकि शिकायतों की निगरानी और उचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस मुख्यालय की शिकायत शाखा द्वारा शिकायतों का समन्वय किया जाएगा और संबंधित पुलिस थानों या अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाएगा।





आवेदकों के लिए बनाई गई सुविधा पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होने वाले आवेदकों की सुविधा के लिए प्रतीक्षा कक्ष, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग सुविधा, चिकित्सा व्यवस्था आदि की व्यवस्थाएं की जाएंगी। यह निर्णय नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी तंत्र की पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस महानिदेशक द्वारा शुरू की गई यह जनसुनवाई पहल नागरिकों को सीधे अपनी शिकायतें और समस्याएं उच्च अधिकारियों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।

## मजदूर की मौत पर ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** शाहपुरा पुलिस ने एक मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक काम करवाने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार संतोष पुत्र चंपालाल (37) मूलत- बैतूल का रहने वाला था। फिलहाल वह साई बाबा नगर हबीबगंज में रहता था और मजदूरी करता था। एक महीने पहले 14 नवंबर को संतोष क्रिस्टल सिटी कालोनी रापडिया स्थित निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर सेटरिंग का काम कर रहा था, तभी अचानक नीचे जा गिरा था। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला कि ठेकेदार रवि ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ था। इस पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बच्चों को स्कूल भेजने के बाद महिला ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी इलाके में रहने वाली एक महिला ने शनिवार सुबह घर में फांसी लगा ली। उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। फांसी लगाने से पहले महिला ने बच्चों का टिफिन तैयार कर पति के साथ स्कूल भेज दिया था।

मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पूजा शर्मा पत्नी राजेश शर्मा (38) जवाहर नगर, अवधपुरी में रहती थी और गृहणी थी।

परिवार में पति के अलावा तेरह साल की बेटी और ग्यारह साल के बेटे के अलावा सास हैं।

दोनों बच्चे एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। शनिवार सुबह पूजा जल्दी उठी और बच्चों के लिए टिफिन तैयार किया। सुबह करीब पौने नौ बजे पति रोजाना की तरह दोनों बच्चों को स्कूल छोडने् के लिए निकल गए। वह स्कूल के गेट पर पहुंचे थे, तभी पड़ोसी ने उन्हें फोन लगाकर पूजा के फांसी लगाने की सूचना दी।

राजेश तुरंत वापस घर लौटे और पत्नी को फंदे से उतार कर इलाज के लिए एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद पूजा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**मेट्रो एंकर** नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# अदालत में 21 हजार प्रकरणों का निराकरण

**कुल अवार्ड राशि 50,74,36,663 राशि पारित की गई**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जिला न्यायालय परिसर सहित भोपाल जिले के सभी न्यायालयों में साल 2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर कुल 21 हजार 388 प्रकरणों का निकारण किया गया। लोक अदालत में कुल अवार्ड राशि 50,74,36,663 राशि पारित की गई। नेशनल लोक अदालत में इस बार कुल 62 खण्डपीठों का गठन किया गया था। प्रवेश द्वार स्थित हॉल में विधि विद्यार्थियों द्वारा रंगोली बनायी गयी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं के प्रिंट लगाकर आमजन को लोक अदालत का महत्व बताया गया, साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के पेम्पलेट वितरित किये गये। लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण का भरपूर सहयोग रहा।



## पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 140 रही

जिला न्यायाधीश/सचिव आरती शर्मा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कुल निराकृत प्रकरणों की संख्या 21388, लंबित रेफर्ड प्रकरणों की कुल संख्या 3327 , निराकृत लंबित प्रकरणों की कुल संख्या 2458, प्री-लिटिगेशन रेफर्ड प्रकरणों की कुल संख्या 20820, निराकृत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की कुल संख्या 18930, चेक बाउंस से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 476, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 509, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की संख्या 704, पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 140, बैंक रिकवरी के प्रकरणों की संख्या 174, व्यवहार वाद के प्रकरणों की संख्या 108, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों की संख्या 239, श्रम विभाग से संबंधित प्रकरणों की संख्या 14, यातायात नियमों के उल्लघन संबंधी ई-टैफिक चालान 718, जलकर एवं सम्मपति कर संबंधी प्रकरणों की संख्या 15370, अन्य प्रकरणों की संख्या 1590 रही।

# ऑटो चालक के साथ युवक ने की मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर में रहने वाले एक ऑटो चालक के साथ मोहल्ले में रहने वाले युवक ने मारपीट कर दी। आटो चालक ने उसे नई बनी सड़क के बजाए बगल से निकलने की सलाह दी थी। पुलिस के मुताबिक संजय चौधरी (32) शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहता है और आटो चलाता है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह घर के पास स्थित मंदिर के सामने खड़ा हुआ था। कुछ देर बाद मोहल्ले में रहने वाला मोहित नामक युवक वहां से निकला और मंदिर के सामने बने नए रोड से होकर जाने लगा। संजय ने उसे बताया कि रोड नया बना है, इसलिए बगल से निकल जाए, अन्यथा रोड खराब हो जाएगा। इसको लेकर संजय उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। संजय ने जब गाली देने से मना किया तो मोहित ने मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया तो वह धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पुलिस ने मोहित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022